卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्विमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 121 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦5 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सरकार के खिलाफ किच्छा में गरजे कांग्रेसी

किच्छा(उद संवाददाता)। रोजगार दो युवा संकल्प यात्रा में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर गरजे। उन्होंने जनसभा में सरकार को विकास और युवा विरोधी बताते हुए कई आरोप लगाये। तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को रोजगार दो युवा संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश के कई दिग्गज यहां एकत्र हुए। रैली का शुभारम्भ सुनहरी गार्डन से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक प्रीतम सिंह,विधायक भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान,विधायक गोपाल सिंह राणा ने किया। यात्रा से पूर्व यहां सुनहरी गार्डन में विशाल जनसभा आयोजित की गयी। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर,जसपुर के विधायक आदेश चौहान, खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शिल्पी अरोरा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यहां आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि राज्य की बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई है। बेरोजगारों की फौज खड़ी होती जा रही है। सरकार के पास रोजगार का कोई भी खाका नही है सरकारी भर्तियों घोटाला ही घोटाला हो रहा है।प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर समय से पहले ही लीक कर दिया जा रहा है। ब्यूरोक्रेसी हावी हो रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधायक प्रीतम सिंह ने कहा की राज्य की सरकार हर क्षेत्र मे पूर्ण रूप से पंगु बनी हुई है। (शेष पृष्ठ सात पर)








# केन्द्र सरकार का बजट सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी:रविशंकर

देहरादून (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट 2023-2024 की खूबियां गिनाते हुए कहा कि ये बजट सर्वव्यापी, सर्व स्पर्शी है। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया का विकसित देश बनाना इस बजट का एजेंडा है। भारत की विकास दर करीब 7% होने वाली है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की व्यवस्था की गई है। 220 करोड़ टीके भाजपा ने देशभर में लगाए हैं ये टीका मेक इन इंडिया है। उन्होंने कहा कि तमाम दिक्कतों के बावजूद भारत में एफडीआई आया। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में दो मोबाइल फैक्ट्री थी आज 270 मोबाइल फैक्ट्री हैं। इस बजट के केंद्र भारत का कृषि विकास है इसके लिए 20 लाख करोड़ का क्रेडिट अब तक सबसे अधिक बजट है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंडके प्रतिभा संपन्न नौजवान एग्रीकल्चर में सक्रिय हों और स्टार्टअप का लाभ उठाएं। उत्तराखंड में सारी समितियों का डिजिटिलिकरण हो गया है। मत्स्य पालन यानी ब्लू इकॉनोमी को 6000 करोड़ का प्रावधान किया है। मोटा अनाज यानि श्री अन्न योजना के लिए भी बड़ा प्रावधान किया गया है। इंफ्रा स्ट्रक्चर के लिए 10 लाख करोड़ का प्रावधान है। रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ जिसमे से 5004 करोड़ अकेले उत्तराखंड के लिए है। देश की महिलाओं के लिए बजट में विशेष चिंता की गई है जिससे महिलाओं का उत्थान होगा। महिलाएं को हर क्षेत्र में उन्नति के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी पर कर्तव्य पथ की परेड में सेना के हर टुकड़ी की अगुवाई देश की बेटियां कर रहीं थीं ये बड़े गौरव का विषय है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बजट में नौजवानों के लिए 30 स्किल इंडिया डिजिटल सेंटर खुलेंगे जिससे अगले 3 सालों में 47 लाख युवाओं को स्टाईफन मिलेगा। देश के 150 मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे 3 से 4 नर्सिंग कॉलेज उत्तराखंड को भी मिलेंगे। टैक्सेशन प्रपोजल्स की बात की जाए तो पहले 5 लाख तक टैक्स नहीं लगता था अब ये सीमा बढ़ाकर 7 लाख कर दी गई है। इसका लाभ मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को मिलेगा।



# गुलदार के हमले से युवती गंभीर

टिहरी (उद ब्यूरो)। टिहरी जिले के प्रतापनगर ब्लॉक के कंडियाल गांव में रात को गुलदार ने घात लगाकर एक दिव्यांग युवती पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन युवती को सीएचसी चौंड-लंबगांव ले गए, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों को रात में अकेले घर से ना निकलने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार कंडियाल गांव निवासी दिव्यांग युवती 24 वर्षीय अंजलि पुत्री जगमोहन सिंह रात 9 बजे अपने गांव से निकट के बड़कोट गांव जा रही थी। तभी वहां घात लगाए बैठे गुलदार ने युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। किसी तरह युवती गुलदार से (शेष पृष्ठ सात पर)



# दहेज के लिए पहले निकाला फिर ससुराल आकर धमकाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली में प्लाट खरीदवाने तथा पांच लाख नगद और दहेज मांग पूरी न होने पर पहले विवाहिता को उसका पति घायल व गर्भवती अवस्था में ससुराल छोड़ गया और फिर करीब साढ़े तीन साल बाद ससुराल आकर पत्नी से मारपीट कर उसे धमकाने लगा। पीड़िता ने मामले की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह 18 फरवरी 2017 को शन्नी शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी हर्ष विहार कालोनी, मण्डोली, उत्तर पूर्वी दिल्ली के सम्पन्न हुआ था। विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से भी ज्यादा गृहस्थी का सामान के साथ-साथ सोने चाँदी के आभूषण उपहार स्वरूप दिये। विवाह के बाद से ही उसकी सास मधु शर्मा, देवर प्रवीन शर्मा एवं पति उसे कम दहेज के लिये उलहाने देने लगे तथा मायके वालो से दिल्ली में एक प्लाट खरीदवाने तथा पाँच लाख रूपये नगद मांग कर लाने के लिये दबाव बनाने लगे। मना करने पर उक्त लोगो ने आये दिन उसके साथ गारपीट एवं गाली-गलौच करना प्रारम्भ कर दिया। आरोप है 28 जुलाई 2018 को उसका पति उसे चोटिल एवं गर्भवती हालात में उसके मायके छोड़कर चला गया। जिसके बाद मायके में ही एक पुत्री को जन्म दिया। पुत्री के (शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की स्मैक के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्त में

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नशा मुक्ति के लिए चलाये जा रहे अभियान में एसपी सिटी हल्द्वानी हरवन्स सिंह, पाठक व प्रभारी एसओजी नैनीताल राजवीर नेगी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था एवं अवैध मादक पदार्थों की(शेष पृष्ठ सात पर)



क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी भूपेन्द्र सिंह धौनी के निर्देशन में थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद

## खटीमा में भी पकड़ा स्मैक तस्कर

खटीमा। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त खटीमा पुलिस टीम ने कादिरी मोहल्ला के पुरानी खाली पड़े प्लाट से अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी वार्ड नं. दो इस्लाम नगर को 3.2 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाना खटीमा में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम (शेष पृष्ठ सात पर)



# युवक पर हमला कर अगवा करने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों सोनिया होटल कें पास टहल रहे युवक पर कार सवार कुछ लोगों ने हमला कर उसे अगवा करने की कोशिश की। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भगवान देवी पत्नी मदद सिंह निवासी रम्पुरा वार्ड 24 ने कहा है कि 27 जनवरी को शाम उसका पुत्र जितेन्द्र घर पर खाना खाकर सोनिया होटल की ओर टहलने के लिये गया था। तभी रम्पुरा वार्ड 23 निवासी सोनू खत्म पुत्र प्रेम शंकर, अपने साथी गोलू सरदार के साथ एक कार से आया। कार में 3-4 ओर लोग मौजूद थे

# हाथी दांत के साथ वनकर्मी गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)।दो दिन पूर्व पकड़े गए पौड़ी गढ़वाल के तीनों आरोपितों की निशानदेही पर हाथी दांत के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ वन प्रभाग के कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि रामनगर वन प्रभाग की टीम ने शुक्रवार को धीरेंद्र सिंह पुत्र मोहन लाल निवासी दीयोद कोटद्वार, विरेन्द्र पुत्र मोहनलाल निवासी दियोद, कोटद्वार तथा राहुल पुत्र बोरा सिंह, निवासी कोटद्वार जिला पौड़ी को रामनगर से हाथी दांत के साथ गिरफ्तार किया गया था। तीनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीकृत कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया था कि हाथी दांत का एक टुकड़ा कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ वन प्रभाग के मेदावन रेंज में तैनात विनोद ध्यानी पुत्र पीतांबर ध्यानी के पास है। डीएफओ कुंदन कुमार ने शनिवार को जेल में बंद तीनों आरोपितों को कोर्ट से रिमांड पर लिया। शनिवार शाम डीएफओ, एसडीओ पूनम कैंथोला, वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर व कालागढ़ वन प्रभाग के रेंजर की टीम अभियुक्त धीरेंद्र कुमार पुत्र मोहनलाल द्वारा बताई गए गोजुडा वन रक्षक चौकी में पहुंचे। वन चौकी (शेष पृष्ठ 7 पर)



# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली की अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

देहरादून(उद संवाददाता)। इंटरनेट मीडिया पर सिपाही भर्ती परीक्षा में भी धांधली की खबरों का उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने संज्ञान लिया है। उन्होंने संबंधित को नोटिस भेजते हुए पुष्ट साक्ष्य तीन दिन में पेश करने को कहा है। यदि संबंधित की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए तो उसके विरुद्ध अफवाह फैलाने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने आम लोग से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी होने के कोई भी पुख्ता साक्ष्य हैं, तो वह एसटीएफ के समक्ष तीन दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। इस संबंध में जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। फर्जी साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यदि किसी के पास भर्ती में धांधली संबंधी कोई साक्ष्य हैं तो वह उपलब्ध कराएं। भर्ती परीक्षाओं में लगातार उजागर हो रही धांधली विशेष कर मई-2022 में हुई एई-जेई परीक्षा में धांधली (शेष पृष्ठ सात पर)

# एई-जेई पेपर लीक मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार,धारीवाल की तलाश

## एसआईटी ने सात लाख रुपये और ब्लैंक चेक बरामद किये

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की सहायक अभियंता (एई) और अवर अभियंता (जेई) की लिखित भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने वाले आरोपी अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार सहित तीन आरोपियों को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से अभ्यर्थियों से अवैध रूप से अर्जित सात लाख रुपये की नकदी और विभिन्न बैंकों के ब्लैंक चेक बरामद हुए हैं। एई-जेई परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में एसआईटी ने बीते दिन नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जिसमें से पांच पहले से ही पटवारी भर्ती परीक्षा धांधली के आरोप में जेल में बंद है। शेष चार में तीन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार, नितिन चौहान और सुनील सैनी को एसआईटी ने शनिवार को उनके घर से गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि इस मामले में सिर्फ एक आरोपी भाजपा नेता संजय धारीवाल अभी पकड़ा नहीं जा सका है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। जेई-एई भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले की छानबीन के दौरान कॉल डिटेल कइयों के चेहरे बेनकाब कर सकती है। सूत्रों का कहका है कि एसटीएफ इस मामले में तेजी से जांच



कर रही है। कॉल डिटेल के आधार पर भाजपा नेता समेत अन्य आरोपियों के संपर्क में आए लोग रडार पर हैं। जेई और एई की लिखित भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के लिए लोक सेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार ने जेल में बंद निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी से 28 लाख रुपये में सौदा किया था। संजीव चतुर्वेदी ने पेपर लेकर उसे दलाल नितिन चौहान व सुनील सैनी के माध्यम से अभ्यर्थियों तक पहुंचाया। पटवारी से लेकर एई-जेई की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के दो अधिकारी और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की भूमिका सामने आने के बाद आशंका जताई जा रही है कि आयोग के अन्य अफसरों के अलावा कई सफेदपोशों के नाम भी जल्द सामने आ सकते हैं।

## हाकम सिंह रावत के बाद अब संजय धारीवाल ने भाजपा को किया असहज

### कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह बच नहीं पाएगा: महेद्र भट्ट

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की जेई और एई की परीक्षा के पेपर लीक मामले में भाजपा नेता संजय धारीवाल की गिरफ्तारी के बाद भाजपा की राजनीति में भूचाल आ गया है। पुलिस मनोनीत भाजपा नेता से भी लंबी पूछताछ कर चुकी है। जिस तरह से भाजपा नेता संजय धारीवाल एसटीएफ के शिकंजे में फंसा है उससे एक सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर इस काले धंधे में उसने कब से पांव जमाने शुरू किए। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह भाजपा नेताओं के संपर्क में आया और मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने में भी कामयाब हो गया। गौरतलब है कि नारसन ब्लॉक के मोहम्मदपुर जट निवासी भाजपा नेता संजय धारीवाल की मां पंचायत चुनाव में प्रधान बनी हैं। मां को प्रधान बनाने में कामयाबी पाने के बाद वो भी मंगलौर भाजपा मंडल अध्यक्ष बन गया। इसके बाद उसे इस्तीफा देना पड़ा। वहीं अब इस सवाल ने भाजपा में भूचाल ला दिया है कि संजय धारीवाल को किसकी सिफारिश पर मंडल अध्यक्ष बनाया गया था। सूत्रों का कहना है कि जिले में एक पद पर मनोनीत भाजपा महिला नेता से पुलिस कई दिन तक पूछताछ भी कर चुकी है। यही नहीं इन्हीं महिला नेता ने जिले के



एक बड़ निर्वाचित नेता से भी सिफारिश लगवाई थी। मंगलौर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय धारीवाल का नाम आने से भाजपा को असहज होना पड़ा है। इससे पहले पार्टी की अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में हाकम सिंह की गिरफ्तारी के बाद पार्टी विपक्ष के निशाने पर आ गई थी। फिलहाल भाजपा ने धारीवाल से किनारा कर लिया है। माना जा रहा है कि एई और जेई भर्ती के मामले में भी गड़बड़ी की होने की खबरें आने के बाद पुलिस ने छानबीन मंगलौर के संजय धारीवाल की भूमिका संदिग्ध माना था। इसकी सूचना पार्टी नेतृत्व तक पहुंच गई थी। 23 जनवरी को धारीवाल ने रुड़की के जिलाध्यक्ष को मंडल अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दे दिया था। विपक्ष ने धारीवाल के बहाने भाजपा की घेराबंदी शुरू कर दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि संजय धारीवाल अब पार्टी में नहीं हैं। धारीवाल को पार्टी ने मंडल अध्यक्ष घोषित नहीं किया था। भट्ट ने कहा कि भर्ती परीक्षा में प्रदेश सरकार ने बेहद सख्ती के साथ पेश आ रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कहा कि कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह बच नहीं पाएगा।

# भारतीय चिकित्सा परिषद के तीन कर्मचारी गिरफ्तार

## गिरोह के सरगना इमलाख के साथ मिलकर बांटी फर्जी डिग्रियां

देहरादून(उद संवाददाता)। बीएएमएस की फर्जी डिग्री का भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में पंजीकरण करने के मामले में एसआइटी ने परिषद के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में कनिष्ठ सहायक विमल बिजल्वाण, वैयक्तिक सहायक विवेक रावत व अंकुर महेश्वरी शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि बीएएमस की फर्जी डिग्री तैयार करने के मामले में एसआइटी जांच कर रही है। एसआइटी के प्रभारी आइपीएस सर्वेश पंवार ने भारतीय चिकित्सा परिषद के उक्त तीनों कर्मचारियों से पूछताछ की थी। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि उन्होंने गिरोह के सरगना इमलाख के साथ मिलकर फर्जी डिग्रियां बांटी और फर्जी रजिस्ट्रेशन किए। इमलाख किसी को बीएएमएस की डिग्री देने के बाद चिकित्सा परिषद में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करता था और संबंधित इंस्टीट्यूट के प्रमाणपत्र, लिफाफे में हमें सीधे उपलब्ध कराता



था, जिस पर वह खुद ही पत्राचार करते थे। इसके बाद रजिस्ट्रेशन की प्रति स्वयं ही इमलाख को उपलब्ध करा देते थे। परिषद में कनिष्ठ सहायक विमल बिजल्वाण, वैयक्तिक सहायक विवेक रावत व अंकुर महेश्वरी के माध्यम से सारे कागज जमा होते थे। इसके बाद तीनों वेरिफिकेशन फाइल तैयार कर जिस यूनिवर्सिटी की डिग्री होती थी, उस यूनिवर्सिटी के लिए व जिस राज्य की डिग्री होती थी, उस बोर्ड में भी वैरिफिकेशन के लिए फाइल डाक से भेजते थे। फाइल में हम लोग कुछ न कुछ कमी रखते थे, जिससे यूनिवर्सिटी वाले उक्त फाइल को वापस नहीं करते थे। डाक से भेजने के कुछ दिन बाद इमलाख कर्नाटक, बिहार और राजस्थान आदि स्थानों पर जाता था और फिर इमलाख फर्जी एनओसी तैयार करवाता था, जिसे वह उसी यूनिवर्सिटी के बाहर तथा उसी राज्य से वापस चिकित्सा परिषद के लिए डाक से पोस्ट करता था। जब यही फाइल चिकित्सा परिषद देहरादून में पहुंचती थी तो उस फर्जी एनओसी के आधार पर ही वह उनका रजिस्ट्रेशन चिकित्सा परिषद में करवा देते थे। तीनों को प्रति वैरिफिकेश व एनओसी के हिसाब से 60 हजार रुपये मिलते थे। इस काम में जो भी रुपये उन्हें मिलते थे, उसे वह लोग आपस में बांट लेते थे। आरोपितों से कुछ फर्जी दस्तावेज भी मिले हैं।

## शिविर में विद्युत विभाग ने वसूले 5.90 लाख

गदरपुर(उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से बकाया बिजली की वसूली को लेकर लगाए गए कैम्प में कुल 5.90 लाख रू० की वसूली की गई, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत विभाग द्वारा अनाज मंडी के एक प्रतिष्ठान में एक शिविर लगाया गया इसमें उपभोक्ताओं द्वारा समस्याओं के



आवेदन दिए गए इस अवसर पर एसडीओ आलोक सचान,ए ई विवेक उपाध्याय , जेई मेहताब अली, सुभाष आर्या, अफशान सैफी,बड़े बाबू नसीम अहमद,फरमान अली,लाइन मेन संजीव, बासु, नंदू आदि ने शिविर में शामिल होकर सहयोग किया स इस दौरान शिविर में नए सयोजन-14,मीटर संबंधी- 8,पोल संबंधी-2,बिल संबंधी- 3 समस्याओं के लिए उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन पत्र दिए गए।

## दबंगों पर लगाया धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिटी वन कालोनी निवासी दिव्यांग व्यक्ति की पत्नी ने कोतवाली में दर्ज कराई रपट में दबंग किस्म के कुछ लोगों पर उसके घर के आगे झगड़ा कर उसे व उसके पति को धमकाने का आरोप लगाया है। दर्ज रपट में बीना साहू पत्नी शंकर प्रसाद साहू निवासी सिटीवन कालोनी ने कहा है कि 1 फरवरी वह अपने दिव्यांग पति के साथ घर पर मौजूद थी। तभी यहीं के निवासी गगन ढिल्लों एवं उसके साथ दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर के बाहर बिना वजह उसके साथ गाली गलौच लड़ाई-झगड़ा व अभद्रता की तथा उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## नकल माफिया के तार लोक सेवा आयोग से जुड़े हैं : बॉबी पंवार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सरकारी नौकरी में भर्ती धांधली का दीमक युवाओं के लिए उनकी नाराजगी का सबब बना हुआ है। आए दिन पेपर लीक से राज्य के युवा परेशान हैं। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने भर्ती परीक्षाओं को लेकर लोक सेवा आयोग की भूमिका पर कई सवाल खड़े कर सरकार से सीबीआई जॉच की मांग की। गौरतलब है कि धामी सरकार ने 2021- 22 में हुई ।म्‍ /श्रम्‍ परीक्षा की शुरुआती जांच कराई और इसके बाद सीएम के निर्देश पर 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक में आयोग के ही एक कर्मचारी की मिलीभगत सामने आई। यही नहीं एक बीजेपी नेता का नाम भी सामने आया है। बॉबी पंवार के आरोप है कि लोक सेवा आयोग इन धांधलियों को दबा रहा है। संघ के अध्यक्ष बॉबी ने कहा कि पटवारी परीक्षा में 380 प्रश्नों का प्रश्न बैंक बाहर था, न तो आम अभ्यर्थियों को यह पता है कि वे कौन से प्रश्न थे और न ही आयोग ने अभी तक इन प्रश्नों को पब्लिक डोमेन में रखा है, जिससे यह संशय की स्थिति बनी है कि 100 से अधिक छात्र जिन्होंने पेपर पढ़ा था। वह भी दोबारा इस परीक्षा को देंगे और यह पूरी संभावना है कि इन लोगों का पैसा बचाने और अन्य परीक्षा माफियाओं को बचाने के लिए यह कोशिश की जा रही है। पंवार ने कहा पुलिस सिपाही भर्ती में भी गड़बड़ियों की जानकारियां और कुछ साक्ष्य सामने आए हैं। इस कारण धांधली में शामिल नकल माफिया के तार आयोग और पुलिस के बड़े अधिकारियों के साथ ही सरकार में बैठे लोगों से जुड़े सकते हैं। पंवार का आरोप है कि पटवारी लेखपाल भर्ती घोटाले में गिरफ्तार हुए आरोपी संजीव कुमार चतुर्वेदी और राजपाल सिंह भर्ती के दौरान हरिद्वार के दर्जनों गांवों और क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के साथ संपर्क में थे। इसके अलावा परीक्षा होने के बाद भी नंबरों को बढ़ाकर सेलेक्शन का दावा कर रहे नकल माफिया की कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आई है।

# पहाड़ों की रानी मसूरी की वादियों में पहुंचे स्टार कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा

मसूरी। बॉलीवुड के स्टार कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा देशमुख अपनी शादी की सालगिरह मनाने पहाड़ों की रानी मसूरी पहुंचे। ये वापस हो गया।मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख की पहली मुलाकात 2003 में फिल्म तुझे मेरी कसम के देहरादून में प्रोड्यूसर सुमित अदलखा के साथ रितेश देशमुख और जेलिनिया डिसूजा देशमुख की मुलाकात हुई। सुमित ने बताया कि रितेश और की, उत्तराखंड के व्यंजन खाए। उत्तराखंड में लगातार हो रही शूटिंग्स के लिए उत्तराखंड की खूबसूरती और उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी





कपल चार दिन तक मसूरी रोड पर बने एक रिजॉर्ट में रुके। यहां पर इन्होंने सुकून भरे चार दिन बिताए और पहाड़ों की वादियों का आनंद लिया।चार फरवरी को यह कपल मुंबई सेट पर हुई थी। रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की तीन फरवरी को शादी की सालगिरह होती है। इस कपल ने इस बार अपनी शादी की ग्यारहवीं सालगिरह मनाई है। इस दौरान जेलिनिया उत्तराखंड अपनी शादी की सालगिरह मनाने देहरादून आए हुए थे और यहां एक निजी रिजॉर्ट में चार दिन से ठहरे थे। रितेश जेलिनिया ने मसूरी की वादियो का आनंद लिया, ट्रैकिंग सरकार की फिल्म नीति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की एक टूरिज्म वाला राज्य है और ज्यादा से ज्यादा फिल्म की शूटिंग यहां होने से लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# बॉयोटेक में इंटर्नशिप से निखारे जाएंगे छात्र-छात्राएं

## प्रशिक्षणार्थियों को कुलपति नें शोध की मूल बारीकियां बतायी

पंतनगर(उद संवाददाता)। जैवप्रौद्योगिकी में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं, युवा पहले लक्ष्य निर्धारित करें और उसके लिए निरंतर प्रयास करे तो सफलता जरूर मिलेगी, यह बात पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान नें उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक विभाग) हल्दी पंतनगर में अभिविन्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं से कही। उन्होंने कहा कि हर विज्ञान की अपनी अलग-अलग महत्ता है, जिस भी विषय पर कार्य करें उसमे विशेषज्ञता हासिल करें। उन्होंने युवाओं को सामान्य से अलग सोचने और समस्या के निवारण के लिए शोध कार्य करने का आह्वान किया। बता दें कि बायोटेक्नोलॉजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध को सुनिश्चित करने के लिए जैवप्रौद्योगिकी परिषद (बॉयोटेक) नें व्यापक स्वरूप तैयार किया है, जो परिषद में एक, तीन और छह माह के लिए संचालित हो रही है। निदेशक डॉ. संजय कुमार के निगरानी में संचालित इस कार्यक्रम में एक तरफ जहां छात्र-छात्राएं पर्यावरणीय जैवप्रौद्योगिकी, पादप ऊत्तक संवर्धन, मृदारहित खेती और आण्विक जीवविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर सक्षम बनेंगे वहीं उनको स्वरोजगार और उद्यमिता विकास की समस्त बारीकियों की जानकारी दी जाएगी। परिषद में इनको प्लांट टिश्यू कल्चर, हाइड्रोपोनिक तकनीकी, मृदारहित खेती, आण्विक जीवविज्ञान, जल गुणवत्ता एवं माइक्रोबियल जैवविविधता जांच, मेटाजीनोमिक्स इत्यादि की नवीन शोध व तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा इनको शोध प्रबंध और शोध-पत्र बनाना भी सिखाया जाएगा। परिषद के संस्तुति के उपरांत ही इन छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय डिग्रियां प्रदान करेगी। निदेशक डॉ. संजय कुमार नें बताया कि परिषद में प्रदेश के अलावा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक और परास्नातक के पच्चीस चयनित छात्र-छात्राएं इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण उपरांत छात्र-छात्राएं सीध अपना स्वरोजगार शुरू कर सकेंगे या निजी फर्मों में आसानी से नौकरियां पा सकेंगे। कुलपति नें यहाँ रुद्राक्ष का पेड़ लगाया और प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. कंचन कार्की, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. भास्कर तिवारी सहित परिषद के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।










वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# दीवान बेड के अंदर ट्रांसपोर्टर की लाश मिलने से मचा हड़कंप

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी के मकान में दीवान बेड के अंदर गृह स्वामी की लाश मिलने की घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए अन्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी में ट्रांसपोर्टिंग के व्यवसाय से जुड़े मुरादाबाद निवासी मुकेश नामक व्यक्ति ने मकान बनाया। आज सुबह पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी कि मुकेश के मकान से भीषण दुर्गंध आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मकान के मुख्य द्वार पर ताला जड़ा था। पुलिस ने ताला तोड़ दिया। अंदर जाकर दीवान बेड खोला तो पुलिस सन्न रह गई। दीवान बेड में गृहस्वामी मुकेश का शव पड़ा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि गृहस्वामी का शव लगभग चार-पांच दिन से रखा होगा। मृतक की सबसे भीषण दुर्गंध आ रही थी। फिलहाल पुलिस ने आस-पड़ोस के लोगों से आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया। मौत के इस मामले में शक की सुई घर में रहने वाले दो लोगों के आसपास घूम रही है। उधर दूसरी और पुलिस ने आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया मृतक मुरादाबाद का रहने वाला था वह यहां ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय में ब्रोकर का काम करता था। 2 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी व बच्चे उससे अनबन की वजह से अलग हो गए थे,उसके बाद मृतक कभी यहां तो कभी मुरादाबाद रहने लगा



# विद्युत चोरी में तीन नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि कुंडेश्वरी निवासी सुखबीर सिंह सिरोही पुत्र प्रीतम सिंह, यही के हरेंद्र प्रसाद तथा मुरली सिंह पुत्र दलपत सिंह निवासी उपरोक्त पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

# नियमित परिचर्चा व मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिये अनिवार्य : डा.माधवी अवस्थी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नियमित परिचर्चा व मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिये अनिवार्य है। यह बात स्टेप अप रिहेबिलीटेशन -मनोविज्ञान क्लिनिक से क्लिनिकल डाइरेक्टर डॉ. माधवी अवस्थी (वरिष्ठ मनो विशेषज्ञ) ने श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री द्वारा चलाये गये कार्यक्रम "परीक्षा पर चर्चा" के अन्तर्गत परीक्षाओं के दौरान मानसिक तनाव को दूर करने और व्यक्तित्व निर्माण के लिए आयोजित एक कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला का आयोजन टाटा मोटर्स पंतनगर व इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट किच्छा के सहयोग से किया गया। स्टेप अप रिहेबिलीटेशन -मनोविज्ञान क्लिनिक से क्लिनिकल डाइरेक्टर डॉ. माधवी अवस्थी (वरिष्ठ मनो विशेषज्ञ) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। डा. माधवी द्वारा छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचान कर, अपना लक्ष्य निर्धारित करने का सुझाव दिया गया। स्ट्रेस से निपटने के लिए अनुशासन, सृजनात्मक सोच, और आंतरिक रूप से खुश रहते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन मेहनत संतुलित व नियंत्रित रखने की सलाह दी गई। परीक्षाओं की तैयारी हेतु लिखने, ग्राफ, फ्लो चार्ट बनाकर अभ्यास हेतु प्रेरित किया। पूर्ण करना पुनरावृति का सुझाव दिया। कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपना योगदान दिया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के प्रीतम सिंह और आईएसडी की बिंदु वासिनी श्रीवास्तव, स्टार्ट इंस्टिट्यूट को कॉर्डिनेटर शकुंतला मेहता द्वारा छात्राओं को परीक्षाओं में अच्छे प्रदर्शन हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। व जागरूक रहने की सलाह दी गई। इस दौरान छात्राओं से उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। मनोवैज्ञानिक डा. अवस्थी द्वारा ब्रीथिंग प्रैक्टिस द्वारा अपनी एंजाइटी, अच्छे खानपान व पानी उचित मात्रा में लेने की सलाह दी। छत्राओ को सोशल मीडिया व मित्रों को








# पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)।मुख्य मार्ग पर निहाल नदी पर बने मांग करते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया पुल किनारे सुरक्षा दीवार न होने से कई वाहन चालक नदी में गिर कर चोटिल, घायल व कई अपनी जान गंवा चुके हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों ने पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है। गौरतलब है कि एनएच-74 पर स्थित निहाल नदी का पुल गदरपुर से काशीपुर को जाने वाली रोड को जोड़ता है। करीब 50 साल पुराना होने के कारण यह पुल मौजूदा समय में काफी जर्जर हालात में हो चुकी है, पुल के किनारों पर सुरक्षा के इंतजाम न होने से कई वाहन पुल से नीचे नदी में गिर चुके हैं व काफी लोगो की मौत भी हो चुकी है। जिससे लोगो में रोष व्याप्त है,इस पुल से हजारों वाहनों का काफिला गुजरता है जिनमें मंत्रियों से लेकर आला अधिकारी भी गुजरते दिखते है, लेकिन कोई इस पुल के पुनर्निर्माण की सुध लेने की नही सोच रहे हैं। विदित है कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आगे आते हुए इस पुल के दोनों और सुरक्षा दीवारों के स्थान पर डिवाइडर खड़े किए थे। परंतु पुल के बेहद सकरा होने के चलते अत्यधिक वाहनों के आवागमन से वाहनों से टकराकर या तो नदी में गिर गए या तो अपनी जगह से हट गए हैं जिसकी वजह से पुल के दोनों ओर हालात जस के तस बने हुए हैं, जिससे सड़क हादसे होने का डर सताता रहता है जिससे ग्रामवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने नहाल नदी पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है।इस मौके पर जुल्फिकार अली, इंतजार हुसैन, फिरासत हुसैन, डॉक्टर बशरुदीन, फूल खान, जरीफ अहमद, शाहिद, अकरम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्यालय का छठा वार्षिक खेल महोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की प्रथम दिन सर्वप्रथम उत्तर -प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्रालय के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ बिलासपुर खण्ड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह औलख, विद्यालय प्रबंधक महेंद्र प्रताप सिंह व विद्यालय प्रधानाचार्य महेश चंद्रा आदि वह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में बलदेव सिंह औलख, ने खेल के गौरव का प्रतीक ध्वजारोहण किया, विद्यालय हेड गर्ल तनीषा बगढ़वाल ने मशाल रिले की, प्रकृति नवीनीकरण उदारता व उर्वरता का प्रतीक एंबीशन हाउस, जुनून ईमानदारी, शक्ति और ताकत का प्रतीक डेयरिंग हाउस ,खुशी आशावाद और आदर्शवाद का प्रतीक लॉयल्टी हाउस, शांति स्थिरता और वफादारी का प्रतीक विजडम हाउस के कैप्टन और उप कप्तान ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर परेड के द्वारा सलामी दे शपथ लेकर खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प की प्रतिज्ञा ली, मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख ने सभी बच्चों को कार्यक्रम की बधाई देते हुए खेलों के महत्व के बारे में बताया प्रांगण में जुंबा डाँस , पिरामिड, गढ़वाली नृत्य के साथ-साथ कलर पहचानों', 'टैंक भरो', गेट रेडी फॉर स्कूल', चॉकलेट , जलेबी, लेमन रेस आदि प्रतियोगिताओं का नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बहुत ही उत्साह युक्त प्रदर्शन किया ।कक्षा एन. सी. 'चॉकलेट प्रतियोगिता' में गौरी ने प्रथम ,केशव ने द्वितीय पारस ने, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एल. के.जी. की 'कलर पहचानों' प्रतियोगिता में युवराज की तथा त्रिशिका की टीम ने शानदार जीत हासिल की।कक्षा एल. के.जी. की' जलेबी रेस 'प्रतियोगिता में मुदित ने प्रथम ,रोहित ने द्वितीय ,रियांश एवं अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू.के.जी. की 'गेट रेडी फॉर स्कूल' प्रतियोगिता में यूकेजी । के बच्चों ने प्रतियोगिता जीती। कक्षा एक की' कोन पास कॉडिनेशन रिले रेस' प्रतियोगिता में कक्षा । के बच्चों ने प्रतियोगिता जीती। कक्षा 2 की' अपने लक्ष्य को प्राप्त करना 'प्रतियोगिता में कक्षा ए की लड़कियों तथा बी के लड़कों ने प्रतियोगिता जीती। कक्षा 2 की 'टैंक भरो' प्रतियोगिता में कक्षा ए के छात्र -छात्राओं ने शानदार जीत हासिल की। कक्षा 3 की 'बोरी दौड़' प्रतियोगिता में कक्षा ए की छात्राओं ने बाजी मारी। कक्षा 4 कीश नींबू दौड़श प्रतियोगिता में कक्षा ए की लड़कियों तथा 'झंडे को लक्ष्य तक पहुँचाना 'प्रतियोगिता में बी के लड़कों ने बाजी मारी।



# विधि-विधान के साथ मुख्यमंत्री के ज्येष्ठ पुत्र दिवाकर धामी का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

देहरादून (उद संवाददाता)। कुमाऊंनी पद्धति से हुए यज्ञोपवीत संस्कार उनके तीर्थ पुरोहित रामप्रताप भगत के पुत्र-पौत्र संजय भगत, शगुन भगत और ईशान भगत ने संपन्न कराया। यज्ञोपवीत संस्कार के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने तीर्थ पुरोहित रामप्रताप भगत के यहां बही वंशावली में आने का प्रयोजन व नाम दर्ज कराया। मुख्यमंत्री के इस निजी कार्यक्रम को पूरी तरह गोपनीय रखा गया और अंत तक इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं होने दी गई। पार्टी कार्यकर्त्ताओं, स्थानीय पदाधिकारियों तक को इससे दूर रखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी कुमाऊंनी परिधान में सुसज्जित होकर पहुंची थीं। कुमाऊंनी पिछौड़ा और नथ में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इससे पहले शनिवार सुबह मुख्यमंत्री, उनकी पत्नी गीता धामी, माता विश्नी देवी और बहन नंदी देवी, पारिवारिक पुरोहित पाठक के अलावा अन्य परिवारिक सदस्यों के साथ हरिद्वार पहुंचे और सबसे पहले पतित-पावनी मां गंगा का आचमन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद तीर्थ-पुरोहित ने पूर्ण विधि-विधान के साथ मुख्यमंत्री के ज्येष्ठ पुत्र दिवाकर धामी का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया। तीर्थ पुरोहित शगुन भगत ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार सनातन धर्म के 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। जनेऊ धारण करने के बाद व्यक्ति को अपने जीवन में नियमों का कड़ाई से पालन करना पड़ता है, यहां तक कि उसे दैनिक जीवन के कार्यों को भी जनेऊ की मर्यादा व पवित्रता को ध्यान में रखते हुए ही करना होता है। यज्ञोपवीत संस्कार के बाद वह दोपहर बाद परिवारिक सदस्यों सहित देहरादून चले गए। भगवान गणेश आदि देवताओं का पूजन की बालक को अध ोवस्त्र के साथ फूलों की माला पहनाकर बैठाया जाता है। इसके बाद दस बार गायत्री मंत्र पढ़कर देवताओं का आह्वान किया जाता है। इस दौरान बालक से शास्त्र शिक्षा और व्रतों के पालन का वचन लिया जाता है। गुरु मंत्र सुनाकर कहता है कि आज से तू अब ब्राह्मण हुआ अर्थात ब्रह्म (सिर्फ ईश्वर को मानने वाला) को माने वाला हुआ। इसके बाद मृगचर्म ओढ़कर मुंज (मेखला) का कंदोरा बांधते हैं और एक दंड हाथ में दे देते हैं। वह बालक उपस्थित लोगों से भिक्षा मांगता है।





# प्रमुख मुख्य वन संरक्षक ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, वन पंचायत उत्तराखण्ड ज्योत्सना सितलिंग ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में वन पंचायतों के कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) से उत्तराखण्ड में वन पंचायतों को "ग्रीन इकॉनोमी"



के मॉडल से जोड़ते हुए वन पंचायतों में स्थानीय लोगों की मजबूत भागीदारी को सुनिश्चित करने सम्बन्धी जानकारी ली। इसके साथ ही राज्यपाल और पीसीसीएफ के बीच वन पंचायतों को ठोस बिजनेस मॉडल से जोड़ने और उसमें "कार्बन फाइनेंसिग" के जरिए निवेश की संभावनाओं को तलाशने संबंधित भी विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड का अधिकांश क्षेत्र पर्वतीय अंचल और वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। प्रदेश में वन पंचायतों को मजबूती प्रदान करना बेहद महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में "ग्रीन इकॉनोमी" मॉडल को विकसित करने से जहां एक ओर स्थानीय लोगों की अपने जंगल और पारिस्थितिकी तंत्र को लेकर महत्वपूर्ण सहभागिता होगी वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

# रेल प्रोजेक्ट के लिए 5004 करोड़ रूपये बजट का प्रावधान करने पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने उत्तराखंड में रेल प्रोजेक्ट के लिए 5004 करोड़ रुपये बजट प्रावध ानित करने के लिए देश के यशस्वी प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड में केंद्र सरकार द्वारा रेलवे के 18901 करोड़ के 243 किलोमीटर लाइन के चार प्रोजेक्ट गतिमान हैं। और इस वित्तीय वर्ष के लिए केंद्र सरकार द्वारा पहाड़ी राज्य में रेलवे का विस्तार तेजी के साथ हो इसके लिए 5004 करोड़ रुपए का बजट प्रावधानित किया है। श्री भट्ट ने कहा कि यही नहीं केंद्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत 11 वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाए जाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें उत्तराखंड में देहरादून, हरिद्वार, हररावाला, काशीपुर, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लालकुआं, रामनगर, रुड़की और



टनकपुर शामिल है। इसके अलावा टेक्नो इकोनामिक फैसिलिटी से परिपूर्ण 3 रेलवे स्टेशनों को शुरुआत भी की जाएगी, जिनमें काठगोदाम, देहरादून और हरिद्वार रेलवे स्टेशन को चिन्हित किया गया है। श्री भट्ट ने बताया कि पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण राज्य उत्तराखंड में रेलवे के विस्तारीकरण के लिए रेल फ्लाईओवर, अंडर ब्रॉडगेज सहित कई कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत 7 रेलवे स्टेशनों में स्टॉल लगाए जाने का प्रावध ान भी बजट में किया गया है। श्री भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी को चौतरफा पहुंचाने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत संकल्पित हैं और इस बजट से उनकी विकासपरक सोच और उत्तराखंड के विकास के प्रति प्रधानमंत्री जी का संकल्प साफ झलकता है। श्री भट्ट ने पुनः प्रध ानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है।

# दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम कार्यक्रम संपन्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम, क्रीडा आयोजन व एक्सपोजर विजिट श्री गुरुनानक गुरुद्वारा साहिब में कराया गया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का प्रारंभ बीआरसी सितारगंज से किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में विकासखंड सितारगंज के समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 26 बच्चे सम्मिलित हुए। टीम प्रभारी जशोद मेहता व राकेश सुमन के नेतृत्व में भ्रमण दल नानकमत्ता गुरुद्वारा दर्शन, ऐतिहासिक संग्रहालय, सरोवर, नानक सागर डैम होते हुए ताज पैलेस नानकमत्ता पहुंचे। वहां पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित किए गए। बिल्डिंग ब्लॉक्स, चित्रकला, गुब्बारे फुलाना, डांस आदि गतिविधियां कराई गई। अनमोल फाउंडेशन से सतीश चौहान द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सांकेतिक भाषा में अल्फाबेट्स की जानकारी दी गई।



भारत विकास परिषद के मोहित अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल व विशाल गोयल द्वारा बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। उक्त अवसर पर समावेशित शिक्षा प्रशिक्षण प्राप्त अजय सिंह क्वीरा व मुनीष सक्सेना द्वारा बच्चों को स्वयं की देखभाल करना संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी दी एवं गतिविधियां करवाई। कार्यक्रम का संचालन खिलानंद अटवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीआरसी प्रभारी जितेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, निमाई चंद्र माझी, दर्शना, सुमनलता आदि उपस्थित थे।

# मेरी कुटिया के भाग खुल जाएँगे बाबा आयेंगे..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार शिमला बहादुर नारायण कालोनी में विजयगुप्ता की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों नेदरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलितकर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन सेजो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबाके जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।





वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली श्री राम जय राम जय जय राम, अजय जायसवाल ने दुनियासे मैं हारा तो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, सुरेश मित्तल ने तुमने ही बुलाया है दरबार में आया हूँ, आयुष अरोरा ने मेरी कुटिया के भाग खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, शिव कुमार ने आया मैं आया बाबा मैं तो आया, अंकित गगनेजा ने फुल्लाडा बनाया तेरा हार बालाजी, संजीव कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, दीपक सैनी ने कुछ पाने की खघतिर बालाजी, राजपाल यादव नेदुनिया में देव हजारो है, विराट रस्तोगी ने भक्ति करलो मुसीबत में काम आयेगा, राजकुमार ने मुँह फेर जिधर देखू मेरे बाबा नजर आये, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, आयुष अरोरा ने मेरी झोपड़ी के भागआज खुल जायेंगे बाबा आयेंगे, कृष्ण छाबड़ा ने चरणो का दास बनालो मेरे बजरंगी बाबा, विपुल कुमार ने लो आ गया बजरंग बाला, अंकुर भटनागर ने सुन लो मेरे बाबा, कालू मदान ने एक बार चले आओ फिर आकर चले जाना, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठेआदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराजजी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इसअवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, गगन ग्रोवर, आयुष अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवनखेड़ा, लवी अरोरा, अमन श्रीवास्तव, विपुल कुमार, पवन अरोरा, बिट्टू अरोरा, कृष्ण छाबड़ा, सौरभ अग्रवाल, रोहन भटनागर, मनीषअरोड़ा, दीपक सैनी, वैभव गगनेजा, सूरज सक्सेना, महेंद्र कुमार, गोविंद राम, संजय चंद्रा, हरीश पपनेजा, राजेश अरोरा, आलोक सिंह, कमलेश यादव, देव ठाकुर, ओम प्रकाश, राहुल शाह, विक्रम मदान, सुरेश मित्तल, सन्नी बजाज, मनोज पाल, प्रदीप कालरा, मोहनखेड़ा, विजय गुप्ता, धर्मवीर चौधरी, श्याम कुमार, पीयूष अरोरा, राजेंद्र प्रसाद, राहुल वर्मा, हिमांशु ग्रोवर, प्रशांत गिरी, शुभम् रहेजा, माधव खुराना, राजू खुराना, सचिन सैनी, सत्यम जायसवाल, शिवम् जायसवाल, अमित विश्वास, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदिसैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांकः 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रातः 10 बजे से

स्थान-नेक्सा टूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण

# दो लोगों को रोशनी दे गयी रामप्यारी देवी

## रंग ला रहा शहीद भगत सिंह सेवा समिति का नेत्रदान जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेत्रदान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि इस दान से दो जिंदगिया रोशन होती है। जिंदगी भर जिस शख्श ने कभी



दुनिया नही देखी और केवल अंधेरे में ही जिया, उनकी आखों में रोशनी आ जाए तो इससे खुशी की बात और क्या हो सकती है। शहीद भगत सिंह सेवा समिति नेत्रदान जागरूकता अभियान की लौ पूरे भारत और पूरे विश्व में जगाने का मिशन लेकर चल रही हैं। हर जगह समिति का जागरूक अभियान इस बात का प्रमाण भी हैं। अरुण चुघ और प्रथम (प्रकाश)बिष्ट का कहना हैं धीरे धीरे ही सही लेकिन समाज नेत्रदान के प्रति जागरूक जरूर होगा लोग चाहने लगेंगे कि मृत्यु पश्चात भी लोगों का भला करें। इसलिए मरणोपरात नेत्रदान की प्रवृत्ति बढ़ेगी। ऐसा ही एक पुण्य कार्य हुआ गदरपुर ग्राम नंदपुर में। जब 72 वर्षीय रामप्यारी देवी राजभर के देहवसान हो जाने पर परिवार के सदस्यों ने उनके नेत्रदान करने का निर्णय लिया। प्रथम बिष्ट और अरुण चुघ शहीद भगत सिंह सेवा समिति की प्रेरणा से एव सीएल गुप्ता आई बैंक के सहयोग से के सहयोग से इस पुनीत कार्य को अंजाम दिया गया।प्रथम बिष्ट और अरुण चुघ ने बताया कि दुख की इस घड़ी में भी स्वर्गीय रामप्यारी देवी राजभर जी के परिवार ने नेत्रदान करवा कर जो पुनीत कार्य किया है वह अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा शहीद भगत सिंह सेवा समिति का लगातार प्रयास रहता है कि प्रत्येक परिवार संकल्प ले मृत्यु होने पर नेत्रदान के लिए आगे आएं। जिससे कतार में खड़े हजारों लोग जिनका जीवन अंधेरे में खड़ा है। उनके जीवन में रोशनी भर दे। आई डोनेशन मोटिवेटर प्रथम बिष्ट और अरुण चुघ के ने बताया कि मृत्यु के छह से आठ घंटे के बाद तक नेत्र बैंक की टीम को बुलाकर मृतक का नेत्रदान कराया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों की आंखों में रोशनी आ सकती है। किसी भी आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष नेत्रदान कर सकता है।समिति और सीएल गुप्ता आई बैंक द्वारा परिवारजन को सम्मान पत्र भेट किया जाएगा। समिति ने पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया हैं पुत्र किशोर कुमार मनोज कुमार ,नाती पंकज ,हर्ष , अंजलि , गीतांजलि , पूनम ,सोनम, संजन्ना , सुनेना , नेत्रदान की प्रक्रिया के दौरान आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के निर्देशन में नेत्रदान प्रक्रिया संपन्न हुई। बता दें शहीद भगत सिंह सेवा समिति की टीम उधमसिंह जिले ,नैनीताल जिले ,देहरादून, दिल्ली और अनेक जगह 15 से ज्यादा जागरूकता कैंप कर चुकी है। टीम के इस अभियान की चर्चा बहुत तेजी से जन जन तक पहुंच रही है सभी लोग कार्य की तारीफ कर रहे हैं ।टीम के वरिष्ठ सदस्य डा. मनमोहन सिंह जी का कहना है कि हमारा उद्देश्य भारत के 80 लाख कॉर्निया ब्लाइंड लोगों को आंखें दिलवाना है। अन्य सदस्यों हरप्रीत सिंह , खैराती लाल चुग , रेनू जुनेजा , गुरजीत रंधावा,अमित अरोरा, ललित बिष्ट , मनमीत सिंह ,दिव्यांशु,हैरी साहू आदि भी नेत्रदान मुहिम में दिन रात जागरूकता अभियान में लगे हैं।

# सस्ता गल्ला विक्रेताओं की तीन दिवसीय हड़ताल 7 फरवरी से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फैडरेशन के आहवान पर जिले में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता 7 फरवरी से तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। इस आशय का एक ज्ञापन संगठन की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फैडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति द्वारा सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के हितों के सम्बंध में केन्द्र सकार की नीतियों के खिलाफ 7 से 9 फरवरी को पूरे देश के सस्ता गल्ला विक्रेताओं द्वारा ई पास मशीनें और लेपटॉप को बंद रखाकर राशन



वितरण कर्ा का बहिष्कार किये जाने की जो घोषणा की है उसी के तहत उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डेय के आहवान पर संगठन द्वारा जिले में अपने लेपटॉप एवं ई पास मशीनें बंद रखकर राशन वितरण कार्य का बहिष्कार किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बांगा काली, मदन लाल खन्ना, ब्रजकिशोर,रवि खुराना, देवेन्द्र चौहान आदि शामिल थे।

# ई-चौपाल में एडीएम ने सुनी पतरामपुर की समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय से ई-चौपाल के माध्यम से जसपुर के ग्राम पतरामपुर की समस्याएं सुनी। जिला मुख्यालय से गांव पतरामपुर आने-जाने में लगने वाले समय से भी कम समय में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। ई-चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासन का भी समय और पैसा दोनों की बचत हो रही है। गांव वासियों द्वारा गांव में रहकर ही अपर जिलाधिकारी से सीधे संवाद किया गया। 1 घण्टे 30 मिनट चली ई-चौपाल में दर्ज हुई 32 समस्याएं जिसमें से 19 समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु शनिवार को अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह ने जिला कार्यालय के सभागार से 01 घण्टे 30 मिनट तक चली ई-सामाधन चौपाल के माध्यम से तहसील जसपुर के पतरामपुर गांव की समस्याएं सुनी। ई-चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं नल व्यवस्था, आवास निर्माण, सड़क निर्माण, राशनकार्ड, प्रा0 विद्यालयों के चारदीवारी एवं पेड़ो के कटान, सड़क, विद्युत आदि से सम्बन्धित थी। प्रधानाध्यापक रा0उ0मा0वि0 पतरामपुर ने विद्यालय में असमाजिक तत्वों द्वारा चोरी करना, तोड़-फोड़ करना, गन्दगी करना, विद्यालय परिसर तम्बाकू थूकना, जानवर चराना, रसोई के बर्तन गैस सिलेण्डर आदि चोरी करना आदि की समस्या से अवगत कराया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर जांच करें खतरे की अशंका होने पर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें। पिंकी देवी ने राशन कार्ड ना बनने व विधवा पेंशन न मिलने की समस्या से अवगत कराया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्वे कर पात्रता के आधार पर नया राशन कार्ड निर्गत करें व पेंशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया करने को कहा। मिथलेश शर्मा ने बंदरों के आतंक से अवगत कराया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने वन विभाग को सर्वे कर आवश्यकतानुसार बंदरों के लिए गाड़ी मंगावाकर जंगलों में छोड़ा में के निर्देश दिये। सुरेश सिंह द्वारा बिजली के खम्बों में लाइट ना होने के कारण गुलदार का खतरा रहता है जिससे लोग रात में घर से बाहर नही जा सकते समस्या रखी जिस पर बिजली विभाग को त्वरित गति से समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। सत्यपाल सिंह ने सड़क ना होने पर बच्चों के स्कूल जाने में समस्या व पाइप से टूट कर गन्दा पानी निकलता है जिससे बच्चे कीचड़ में गिर जाने की समस्या से अवगत कराया अपर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदार को निर्देशित करें की कार्य उच्चगुणवत्ता के साथ समयबद्धता से पूर्ण करे, यदि ठेकेदार द्वारा कार्यों के प्रति लापरवाही बरती जाये या कार्य न करें तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करें। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी समस्या ई-समाधान चौपाल में आयी है उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें, जिससे की किसी को भी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये अनावश्यक ईधर-उधर चक्कर न लगाना पड़े। ई-चौपाल में मुख्य कृषि अधिकारी वीके वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध सहित सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कारखानों में बढ़ते हादसे

यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कामगार अपनी मेहनत के बदले उचित पारिश्रमिक और भविष्य को लेकर तो आए दिन व्यवस्था से जूझते ही रहते हैं, रोज उन्हें ऐसी स्थितियों से गुजरना पड़ता है, जिनमें कभी भी उनकी जान जा सकती है। हाल ही में आए एक आंकड़े के मुताबिक, देश के पंजीकृत कारखानों में होने वाले हादसों में रोजाना औसतन तीन लोगों की मौत हो जाती और ग्यारह लोग घायल हो जाते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर पंजीकृत कारखानों में यह तस्वीर है तो असंगठित क्षेत्र में क्या हालत होगी, जहां किसी तरह के नियम-कायदे का पालन करना जरूरी नहीं समझा जाता। इस तरह के मामलों में पीड़ित तबका आमतौर पर बेहद गरीब और उपेक्षित होता है, इसलिए उनकी पीड़ा और अधिकारों की अनदेखी भी आम है। मगर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं की वजह से मजदूरों की मौतों के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया है। दरअसल हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्रालय के एक संस्थान से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एक लेख में बताया गया कि 2018 से 2020 के दौरान औद्योगिक इकाइयों में होने वाले हादसों में कम से कम तीन हजार तीन सौ इकतीस लोगों की मौत हो गई। मगर अफसोसनाक यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं के लिए महज चौदह लोगों को सजा हो पाई। इसी मसले पर मानवाधिकार आयोग ने खुद संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और श्रम सचिवों को नोटिस जारी किया है और उनसे कारखानों में होने वाली दुर्घटनाओं में मजदूरों की मौतों का ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा है। आयोग ने यह भी माना है कि देश में पंजीकृत कारखाने काफी कम हैं। इसके समांतर जो कारखाने पंजीकृत नहीं हैं, उनमें हुए हादसों और मजदूरों के हताहत होने का श्रम विभाग के पास कोई ब्योरा नहीं होता है। बल्कि पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों में जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें भी जानमाल की क्षति को कितने वास्तविक रूप में दर्ज किया जाता है, यह कहा नहीं जा सकता। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि हाशिये के तबके के रूप में पहले ही कई तरह की वंचनाओं और अधिकारों के हनन के शिकार मजदूरों को किस त्रासदी से गुजरना पड़ता होगा। कहने को सरकार ने मजदूरों की सुरक्षा और सेहत को लेकर नई संहिता बना दी है। लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी इससे संबंधित प्रावधानों को अमल में नहीं लाया जा सका है। जबकि अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें सरकारें किसी नियम को लागू करने को लेकर बेहद संवेदनशील होती हैं और इसका उल्लंघन करने के आरोपी खासतौर पर कमजोर तबकों के लोगों को कई बार सख्त सजा भुगतनी पड़ती है। मगर कारखानों में हुई दुर्घटनाओं और उसके लिए जिम्मेदार लोगों या मालिकों तक के प्रति या फिर पीड़ितों को मुआवजे की नीति को लेकर सरकार को यही सजगता दिखाने की जरूरत नहीं लगती। गौरतलब है कि देश में नब्बे फीसद से ज्यादा मजदूर असंगठित क्षेत्र में और दिहाड़ी पर काम करके गुजारा करते हैं, जहां न केवल उनकी मजदूरी की हकमारी होती है, बल्कि बुनियादी मानवाधिकारों का भी हनन होता है। यों कामगारों के अधिकारों और काम करते समय उनकी सुरक्षा का मसला शायद सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा है। लेकिन आज भी अगर इसका कोई ठोस हल नहीं निकल सका है और अनेक मजदूर महज अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से जान गंवा बैठते हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी?

# संवेदनशील मुद्दों पर सूचनाओं को केंद्र के साथ साझा करेंगे राज्य

देहरादून। मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 15वीं बैठक में सहमति बनी कि संवेदनशील मुद्दों पर केंद्र के साथ राज्यों के बीच सूचनाओं को तेजी से आदान-प्रदान किया जाएगा। इससे आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिलेगी। समिति के सदस्य राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड ने संचार नेटवर्क के विस्तार देने पर बल दिया। मध्य क्षेत्रीय परिषद केंद्र और राज्यों के मध्य आपसी समन्वय, आर्थिक व सामाजिक विकास, आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा, समाधान और रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत परिषद और उसकी समिति की बैठकें नियमित अंतराल में होती रहती हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पास परिषद उपाध्यक्ष का दायित्व है। उत्तराखंड के मुख्य सचिव डा. एसएस संधु की अध्यक्षता में परिषद की स्थायी समिति की शनिवार को देहरादून में हुई बैठक में 59 विषयों पर चर्चा हुई। बताया गया कि इनमें से 45 बिंदुओं पर सहमति भी बनी है। चारों राज्यों में आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अलग-अलग चुनौतियां हैं। उत्तराखंड चीन और नेपाल




की सीमा से सटा प्रदेश है। सीमांत क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियां की सक्रियता आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मोर्चे पर खतरे का सबब मानी जाती हैं। बैठक में तय किया गया कि ऐसी किसी भी चुनौती को देखते हुए केंद्र और राज्यों के मध्य संवाद और सूचनाओं का तेजी से प्रेषण आवश्यक है। यह भी तय किया गया कि परिषद से जुड़े राज्यों में स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को मिड डे मील में इन उत्पादों का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने मोटा अनाज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने पर बल दिया। बैठक में चर्चा में यह भी सामने आया कि प्रत्येक राज्य में अलग-अलग मोटा अनाज उत्पादित होता है। अनाज उत्पादन, उसके रखरखाव के लिए केंद्र सरकार की संस्था भारतीय खाद्य निगम के साथ तालमेल आवश्यक होगा। इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष भी रखने का निर्णय लिया गया। मुख्य सचिव डा. संधु ने बताया कि दूरस्थ गांवों में पांच किमी के दायरे में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत नेट परियोजनाओं के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी और मोबाइल फोन कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सकेगी। राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय की अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय की सचिव अनुराधा प्रसाद, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, परिषद के अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव विक्रांत पांडेय, केएन राय समेत केंद्र और राज्यों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौगांव में महाविद्यालय न खुलने पर होगा आन्दोलन: कर्नाटक

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। भैसियाछाना में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि चुनावी मंचों से अल्मोड़ा को शिक्षा का हब बनाने की बड़ी -बड़ी बातें करने वाले भैसियाछाना ब्लाक के नौगांव में अभी तक महाविद्यालय तक नहीं खोल पाये जो अपने आप में बेहद शर्मनाक है।उन्होंने कहा कि भैसियाछाना ब्लाककेरीठागाड़ में स्थित नौगांव जो कि पूर्व विधायक स्वर्गीय गोविन्द सिंह बिष्ट की जन्मस्थली भी है के नाम पर महाविद्यालय बनाने का वादा कर कई वर्षों से जनप्रतिनिधि चुनावी मंचों से जनता को निरन्तर ठगते आ रहे हैं जिसका खामियाजा पूरे भैसियाछाना ब्लाक के युवाओं, विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।स्नातक, परास्नातक आदि की पढ़ाई के लिए या तो यहां के युवाओं को अल्मोड़ा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है या फिर वे पिथौरागढ़ के गणाई-



गंगोली जाने के लिए मजबूर हैं।श्री कर्नाटक ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि उत्तराखंड बनने के इक्कीस साल बाद भी स्वयं को नेता कहने वाले स्वयंभू भैसियाछाना में एक महाविद्यालय तक नहीं खुलवा पाए।उन्होंने कहा कि लम्बे समय से क्षेत्र की जनता नौगांव में महाविद्यालय बनाने की मांग कर रही है जिसके लिए जनता ने आन्दोलन, चक्काजाम तक कर दिया।लेकिन दुर्भाग्य है कि इन बीस वर्षों में स्वयंभू नेता मात्र चुनावी मंचों से ही अपने भाषणों में महाविद्यालय का काल्पनिक निर्माण कर अपने लिए वोट एकत्रित करते रहे परन्तु धरातल पर वे कुछ नहीं कर पाए।श्री कर्नाटक ने प्रदेश की भाजपा सरकार सहित उन समस्त स्वयंभू नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार और स्वयंभू नेता अविलंब नींद से नहीं जागे और पूर्व विधायक स्व० गोविन्द सिंह बिष्ट के नाम पर नौगांव में महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो वे स्थानीय जनता को साथ लेकर चरणबद्ध तरीके से वृहद आन्दोलन को बाध्य होंगे। चाहे इसके लिए सरकार और स्वयंभू नेता उनके ऊपर दर्जनों मुकदमे ही क्यों न कायम करना दे।इसके साथ ही उन्होंने भैसियाछाना ब्लाक की जनता से भी निवेदन किया कि अब जब तक भैसियाछाना ब्लाक के नौगांव में महाविद्यालय नहीं खुल जाता तब तक इन स्वयंभू नेताओं का जनता खुलकर विरोध करें।

# बीएएमएस की फर्जी डिग्री वाले गिरोह का भंडाफोड़

## मास्टरमाइंड इमलाख को राजस्थान के अजमेर से किया गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने बीएएमएस डॉक्टरों की फर्जी डिग्री तैयार करने वाले मास्टरमाइंड इमलाख को राजस्थान के अजमेर से गिरफ्तार कर लिया है। मास्टरमाइंड इमलाख पर 25 हजार रुपए की इनामी धनराशि घोषित थी। इमलाख मुजफ्फनगर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। आपको बता दें कि फर्जी बीएएमएस डिग्री मामले में एसटीएफ मास्टर माइंड इमलाख ने की तलाश कर रही थी। इमलाख के अजमेर में होने की सूचना मिली। सूचना पर एसटीएफ ने छापा मारकर इमलाख को अरेस्ट कर लिया।एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि जनवरी माह में उत्तराखण्ड में प्रैक्टिस कर रहे बीएएमएस की फर्जी डिग्री वाले आयुर्वेदिक चिकित्सकों के गिरोह का भंडाफोड़ किया था। गिरोह का मास्टर माइंड इमलाख पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। जो अब गिरफ्त में है।एसटीएफ की जांच में आयुर्वेदिक डॉक्टरों के फर्जीवाड़ा में करीब 36 डॉक्टरों को चिन्हित किया गया था। जांच में प्रकाश में आया था कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों की फर्जी डिग्री राजीव गांधी हेल्थ एण्ड साईंस यूर्निवसिटी कर्नाटका के नाम से बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज मुजफफरनगर के मालिक इमरान और इमलाख द्वारा तैयार की गयी थी। जिसको लेकर थाना नेहरूकॉलोनी में मुकदमा एसटीएफ की ओर से दर्ज कराया गया था। आरोपी के कब्जे से कई राज्यों के निवासियों की फर्जी ब्लेंक डिग्रियां और फर्जी पेपर बरामद किए गए है आरोपी इमलाख ने अभी तक 100 से अधिक फर्जी डिग्रियां बांटी है, बता दे आरोपी इमलाख के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और दंगा-फसाद के कई अपराधिक मामले दर्ज है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि 1 फरवरी 2023 को एसटीएफ टीम को सूचना इमलाख के अजमेर में छुपे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ टीम ने 2 फरवरी को मुखबिर की सूचना एवं टेक्निकल स्पोर्ट से अभियुक्त इमलाख को किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से भारी संख्या में दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रकरण में एसटीएफ पूर्व में इमलाख के भाई इमरान और बीएएमएस की जाली डिग्री पर क्लीनिक खोलने वाले सात झोलाछापों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि इमरान और इमलाख दोनों भाई मुजफ्फरनगर स्थित बाबा ग्रुप आफ कालेज के मालिक हैं। दोनों राजीव गांधी हेल्थ एंड साइंस यूनिवर्सिटी कर्नाटक के नाम से बीएएमएस की जाली डिग्री तैयार करते हैं। इसके अलावा वह बी-फार्मा, बीए, बीएससी की जाली डिग्री भी तैयार करते हैं और मोटी रकम लेकर इन्हें बेचते हैं। इमलाख मुजफ्फरनगर का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, धोखाधड़ी और लूट के 12 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि बीएएमएस की जाली डिग्री पर झोलाछापों को रातों-रात आयुर्वेदिक डाक्टर बनाने वाला इमलाख खुद 10वीं पास है। उसने अपने शैक्षणिक दस्तावेज भी जाली बनाए हुए हैं। वर्ष 2008 से उसने जाली दस्तावेज बनाने का काम शुरू किया। तब वह हाईस्कूल, 12वीं व अन्य दस्तावेज तैयार करता था। धीरे-धीरे वह मेडिकल की डिग्री भी तैयार करने लगा। अंधाधुंध कमाई होने के बाद उसने मुजफ्फरनगर में 128 बीघा पर बाबा ग्रुप आफ कालेज नाम से संस्थान बना दिया, जहां से उसने अपना यह साम्राज्य आगे बढ़ाया। जांच में यह बात भी सामने आई है कि इमलाख उत्तराखंड में 100 से अधिक झोलाछापों को बीएएमएस की डिग्री दे चुका है। एसपी (अपराध) सर्वेश पंवार की देखरेख में बनी एसआइटी प्रकरण की जांच कर रही है। एसटीएफ अधिकारियों की मानें तो इमलाख उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के नागरिकों को भी जाली डिग्रियां बेच चुका है। इमलाख से यह सामान हुआ बरामद: मगध विश्व विद्यालय के 50 प्रोविजनल सर्टिफिकेट बाबा भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के खाली 41 प्रमाण पत्र गीतांजली इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसिस्ट के 60 सफेद लिफाफे गीतांजली इंस्टीट्यूट के 55 पीले बड़े लिफाफे राजीव गांधी यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज कर्नाटक के 19 खाली लिफाफे बाबा भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के 36 खाली लिफाफे टीएमएई सोसाइटी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल भद्रावती कर्नाटका के 17 लिफाफे राजकीय तिब्बी कालेज एवं अस्पताल कदम कुआ, पटना बिहार के 61 सफेद लेटर पैड टीएमएई सोसाइटी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल भद्रावती कर्नाटक के आठ लेटर पैड आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल भद्रावती कर्नाटका के 38 लेटर पैड रविन्द्रनाथ मुखर्जी आयुर्वेद कालेज एवं अस्पताल मोतिहारी का पूरा लेटर पैड बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी मुजफ्फरपुर की एक खाली मार्कशीट टीएमएइ सोसाइटी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल भद्रावती कर्नाटक के विभिन्न नामों के आठ इंटर्नशिप सर्टिफिकेट राजीव गांधी हेल्थ साइंस कर्नाटका की अलग-अलग नामों को जारी तीन प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट मगध विश्वविघालय बोधगया की एक बुक खाली मार्कशीट सैयद मौहम्मद मुज्मिल के नाम जारी सात विभिन्न मूल प्रमाण पत्र राजीव गांधी हेल्थ साइंस कर्नाटक के विनोद कुमार के नाम जारी अंक पत्र तेजपाल के नाम जारी बाबा भीमराव आंबेडकर बिहार विश्व विद्यालय के अंकपत्र व प्रोविजन सर्टिफिकेट व मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व इंटर्नशिप मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा परिषद हरियाणा का मोहम्मद सलीम खान व प्रशांत घीमान के नाम जारी 12वीं का अंकपत्र बुद्धा इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंस एंड हास्पिटल का इंटर्नशिप कांपलेशन सर्टिफिकेट राजीव गांधी विश्वविद्यालय व हेल्थ साइंस कर्नाटका की अलग-अलग नामों की बीएएमएस की डिग्रियां एवं अंकपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा के सर्टिफिकेट आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश के खाकी खाली लिफाफे मोहम्मद इमलाख के नाम जारी राजीव गांधी विश्वविद्यालय व हेल्थ साइंस कर्नाटक की बीएएमएस की डिग्री व प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट व अंकपत्र चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की मोहम्मद इमलाख के नाम वर्ष 2005 की वाणिज्य स्नातक का प्रमाण पत्र व अंक पत्र मोहम्मद इमलाख के विभिन्न अंक पत्र व प्रमाण पत्र तीन रजिस्टर जिनमें विभिन्न व्यक्तियों के मोबाइल नंबर अंकित हैं मोहम्मद इमलाख के नाम जारी भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड का निबंधन प्रमाण पत्र आठ अलग-अलग मुहरें शामिल है।



# क्षेत्र पंचायत की बैठक में उठी कई समस्याएं

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकासखण्ड हवालबाग की क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रमुख क्षेत्र पंचायत श्रीमती बबीता भाकुनी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख क्षेत्र पंचायत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो समस्यायें सदन में रखी है। उन शिकायतों का निस्तारण एक तय समय सीमा अन्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो समस्यायें आज दर्ज करायी गयी है उनकी पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाय और शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाय। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, सिंचाई, समाज कल्याण, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा अनेक समस्यायें विभागीय अधिकारियों के सम्मुख रखी। बैठक में सर्वप्रथम विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की विद्युत जन समस्याओं को सदन के सम्मुख रखा। ग्राम बसगॉव, मनान, छाना, गढ़ोई सहित अन्य ग्रामों में जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने, झूलते तारों को ठीक करने, पेड़ों की लॉपिंग किये जाने सम्बन्धी शिकायतें रखी। जिस पर विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रान्तीय खण्ड/निर्माणखण्ड की समीक्षा के दौरान ग्राम प्रधान बंसर द्वारा कठपुड़िया-बसर मोटर मार्ग का कार्य पूर्ण नहीं होने, ज्यूली-सुखयाथल मोटर मार्ग के निर्माण कार्य, भनरगॉव मोटर मार्ग, पैखाम-नैनोली मोटर मार्ग, अल्मोड़ा-खूॅट मोटर मार्ग सहित अन्य मोटर मार्गों के सुधारीकरण/पुलों का निर्माण सहित जिन लोगों को मुआवजे की धनराशि नहीं मिली है उन्हें मुआवजा दिलाये जाने की बात रखी। जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। पूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम बसगॉव में राशनकार्ड नहीं बनने, बिरौड़ा-पियूनी में गैस वाहन भेजे जाने आदि समस्यायें रखी जिस पर पूर्ति अधिकारी ने उक्त समस्याओं का त्वरित निदान किये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक मनोज तिवारी ने पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन कार्डों को लेकर जो विसंगतिया आ रही है उन्हें तत्काल दूर किया जाय। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही तकनीकी समस्या को दूर करने, स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने आदि समस्यायें रखी। इस बैठक में समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, पेयजल आदि विभागों से सम्बन्धित समस्यायें सदन में रखी। इस अवसर पर विधायक मनोज तिवारी ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा जो जन समस्यायें सदन में रखी जाती है उन्हें लिखित रूप में अवश्य दिया जाय। उन्होंने कहा कि जो जन समस्यायें आज की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन में रखी गयी है उन जन समस्याओं का सभी विभागीय अधिकारी तत्काल निराकरण करते हुए सम्बन्धित शिकायतकर्ता को भी अवश्य रूप से अवगत कराया जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो समस्यायें सदस्यों द्वारा रखी गयी है उन शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका निस्तारण किया जाय। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख गोपाल खोलिया, कनिष्ठ प्रमुख नरेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान, परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्याल, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल सहित जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।






# पर्यटक सुविधा केन्द्र बनाने के निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत पर्यटन विभाग की परिसंपत्तियों को जिला पर्यटन विकास समिति के माध्यम से संचालित करने को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम, पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पर्यटक आवास गृह भतरौजखान तथा जागेश्वर में पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित परिसंपत्तियों को शासन के निर्देश के क्रम में जिला पर्यटन विकास समिति द्वारा संचालित करने हेतु टेंडर की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए । जागेश्वर पार्किंग शॉप विथ रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर उन्होंने कहा कि समिति द्वारा यहां लोकल उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु दिशा निर्देशों को निविदा फार्म में शामिल किया जाये। मार्गीय सुविधा केन्द्र शहरफाटक के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि समिति इसके संचालन को लेकर सेवा शर्तें बनाए तदोपरांत किसी स्वयंसहायता समूह के माध्यम से या अन्य किसी फर्म के द्वारा इसका संचालन किया जाए।इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में स्थल का चयन करते हुए वहां पर्यटक सुविधा केन्द्र बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग के पास जो भी सामग्री है, उसकी लिस्ट तैयार करें एवं इस सामग्री को पर्यटकों के लिए किराए पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।इस बैठक में मुख्य कोषाधिकारी हेमेंद्र गंगवार, समिति के सदस्य महेश नयाल समेत अन्य उपस्थित रहे।



# 87करोड़ 83 लाख से पंचायतों के विकास के लिए बजट जारी

## त्रिस्तरीय पंचायतों पर बरसा धन, विकास को लगेंगे पंख

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार में ग्रामीण क्षेत्रो में पंचायतों के विकास के लिए बजट का पिटारा खोल दिया है, बजट की कमी और पंचायत प्रतिनिधियों की बजट जारी करने की मांग पर सरकार ने पंचायतों के लिए धन वर्षा शुरू कर दी है।देहरादून पंचायती राज निदेशालय ने शासन के आदेश पर त्रिस्तरीय पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में आबद्ध अनुदान के तहत 2022-23 की प्रथम किश्त जारी की है। जिसके तहत 87करोड़ 83 लाख 30 हजार रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है। इसमें जिला पंचायत के लिए 13 करोड़ 20 लाख, क्षेत्र पंचायत के लिए आठ करोड़ 80 लाख, ग्राम पंचायतों के लिए 65 करोड 83 लाख 30 हजार रुपये जारी किए हैं। ग्रांट जारी होने से अब विकास कार्यों को गति मिलेगी। पंचायतीराज विभाग के निदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि धनराशि त्रिस्तरीय पंचायतों को भेज दी गई है। **जिला पंचायत को जारी धनराशि:** अल्मोड़ा - 10826000, बागेश्वर- 6440000, चमोली- 10691000, चम्पावत - 4661000, देहरादून- 10725000, हरद्वार- 19937000, नैनीताल - 7248000, पौड़ी- 11901000, पिथौरागढ़-9666000, रुद्रप्रयाग-5409000, टिहरी गढ़वाल- 11135000, ऊधम सिंह नगर- 16369000 **क्षेत्र पंचायत को जारी धनराशि:** राज्य के 95 क्षेत्र पंचायत के तहत जारी धनराशि में अल्मोड़ा जिले की क्षेत्र पंचायतों के लिए 8984000, बागेश्वर के लिए 3895000, चमोली के लिए 8291000, चम्पावत के लिए 3373000, देहरादून के लिए 5886000, हरिद्वार को 10978000, नैनीताल को 5135000, पिथौरागढ़ को 7967000, ऊधम सिंह नगर को 9272000, उत्तरकाशी को 4755000 रुपये, कुल योग, 88000000 रुपये। **ग्राम पंचायतों के लिए धनराशि:** ग्राम पंचायतों के लिए हस्तानांतरित धनराशि के तहत कुल 658330000 की धनराशि जारी की गई है। इसमें अल्मोड़ा के ग्राम पंचायतों लिए 76715000, बागेश्वर के लिए 33556000, चम्पावत को 23837000, देहरादून को 41829000, हरिद्वार को 72576000, नैनीताल को 36840000, पिथौरागढ़ को 59969000 जबिक ऊधमसिंह नगर की ग्राम पंचायतों के लिए 61329000 रुपये की धनराशि जारी की गई है।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ किच्छा....**सरकार के मुखिया असमंजस की स्थिति में आ गए है। शिक्षित युवाओं की बढ़ती संख्या अब सड़कों पर उतर रही तथा बीजेपी सरकार को उखाड़ फैकने का मन बना चुकी है। सभा में कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भर्तियों में बार बार घोटाले सामने आने से युवाओं में निराशा है। युवाओं का मोह इस सरकार से भंग हो गया है। युवा कड़ी मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन सरकार के भ्रष्ट तंत्र की वजह से युवाओं की मेहनत पर पानी फिर जाता है। इस सरकार ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। राज्य में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के साथ ही मंहगाई ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई भी सराहनीय कार्य नहीं किया। प्रदेश का युवा इस सरकार की करनी का फल भोगने को मजबूर है। प्रदेश की जनता मंहगाई से त्रस्त है। प्रदेश का नौजवान सरकारी सेवाओं के लिए तैयारी करता है लेकिन सरकार ऐन वक्त पर भ्रष्टाचार के कारण परीक्षा निरस्त कर देती है। सभा को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।सभा को विधायक भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान, गोपाल सिंह राणा,युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सभा के पश्चात सुनहरी गार्डन से रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए इंदिरा गांधी खेल मैदान तक निकाली गयी। पद यात्रा के दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली,कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, नारायण सिंह बिष्ट,गौरव बेहड़, किन्नू शुक्ला, सौरभ चिलाना, सीपी शर्मा,राजकुमार बजाज, गणेश उपाध्याय, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा,राजेश प्रताप सिंह, जीवन जोशी, ओम प्रकाश दुआ, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन सिंधी, सुनीता कश्यप, पुस्कर राज जैन,मोहम्द आरिफ, संजीव सिंह,अरुण तनेजा विनोद कोरंगा, एन यू खान, इम्तियाज मालिक सहित तमाम कांग्रेसी थे।

**लाखों की स्मैक...** तस्करी की रोकथाम करने हेतु चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर से 138 ग्राम स्मैक के बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि काठगोदाम पुलिस ऑफिसर फिरोज आलम, कांस्टेबल करतार सिंह, कांस्टेबल कुंदन कठायत, कांस्टेबल अशोक रावत ने सुरेश मोर्य पुत्र राम मोर्य निवासी अशोक नगर पो० मणिनाथ थाना सुभाष नगर जिला बरेली को वेलवाल कम्पलेक्स काठगोदाम से 138 ग्राम स्मैक मोटरसाइकिल में तस्करी करते हुये गिरफ्तार कर लिया। बरामद की गयी स्मैक की कीमत 13 लाख से अधिक आंकी गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना काठगोदाम पर संबंधित धाराओं के अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उ0प्र0 का रहने वाला है जो अक्सर भारी मात्रा में स्मैक बरेली से लेकर हल्द्वानी व आस- पास के पहाड़ी क्षेत्रो में सप्लाई करता था। अभियुक्त के साथ स्मैक तस्करी में सम्मलित अन्य साथियों को भी तस्दीक किया जा रहा है। पुलिस टीम को एसएसपी ने पांच हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा की है।

**सिपाही भर्ती परीक्षा...**सामने आने के बाद उत्तराखंड लोकसेवा आयोग ने पिछले दिनों हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा सहित संपन्न हो चुकी अन्य परीक्षाओं, जिनके परीक्षा परिणाम तैयार हो चुके हैं, की जांच की जिम्मेदारी एसआइटी को दे दी है। आयोग, एसआइटी की क्लीन चिट के बाद ही इनके परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। इसकी पुष्टि करते हुए उत्तराखंड लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने बताया कि आयोग परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहता, इसलिए आयोग ने एसआइटी से परीक्षा परिणाम घोषित करने से पहले इसकी जांच करने का आग्रह किया है। एसआइटी से क्लीन चिट मिलते ही आयोग परीक्षा परिणाम को तत्काल जारी कर देगा। बता दें उत्तराखंड लोकसेवा आयोग ने पिछले वर्ष दिसंबर माह में पुलिस कांस्टेबल के 1521 पदों के लिए 413 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की थी। इसमें कुल एक लाख 20 हजार अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

**हाथी दांत के साथ...**के अंदर से हाथी दांत को काटने में प्रयोग किया गया एक पाटल और चौकी परिसर से हाथी दांत के दो टुकड़े बरामद किये गए। इस अपराध में शामिल चौथे आरोपित वाचर विनोद ध्यानी पुत्र पितांबर दत्त ध्यानी को गिरफ्तार किया गया। आरोपित धीरेंद्र कुमार भी पूर्व में कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्राभाग के मैदावन रेंज में फायर वॉचर एवं मानसून वॉचर के रूप के दैनिक श्रमिक के रूप में कार्य कर चुका है। डीएफओ ने बताया कि दोनों वाचरों को हाथी दांत गश्त में पड़ा मिला था। जिसे वह चौकी लाकर उन्होंने उसे बेचने की ठान ली थी। तीन आरोपित हाथी दांत के कुछ हिस्से को लेकर रामनगर आए थे। टीम में रामनगर वन प्रभाग की टीम में रेंजर शेखर तिवारी, कैलाश तिवारी, वन दरोगा, प्रमोद पंत, वन दरोगा, विमल चौधरी, वन आरक्षी, गणेश, जगत आदि शामिल थे।

**दहेज के लिये..**जन्म की सूचना मिलने पर पति ने उसे अपने साथ रखने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद उसने परिवार न्यायालय, रूद्रपुर के समक्ष भरण-पोषण का वाद प्रस्तुत किया। जिससे पति और नाराज हो गया तथा 6अप्रैल 2022 को उसके घर रूद्रपुर आ गया तथा आते ही गाली -गलौच कर कहने लगा उसके खिलाफ मुकदमे करने से कुछ हासिल नहीं होगा। विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा। शोर सुनकर उसके पिता एवं अन्य लोगो के पहुँचने पर पति उसके परिजनो को जान से मारने की धमकी देते हुये वहाँ से भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संत रविदास जयन्ती पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने महान समाज सुधारक गुरु रविदास जयंती के शुभ अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि संत रविदास ने अपने सम्पूर्ण जीवन में सामाजिक विषमताओं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए कठिन परिश्रम किया। समाज में शांति, दया, करूणा, प्यार तथा समानता का माहौल तैयार करने के लिए हम सबको उनके आदर्शों पर चलकर प्रेरणा लेनी चाहिए।

**युवक पर हमला...**जो उसके पुत्र की अपने मोबाईल फोन से विडियों बनाने लगे। इसी बीच उसका भाई जितेन्द्र पुत्र जागन लाल मौके पर आ गया। जिसने उक्त लोगों से विडियों बनाने के बारे में पूछताछ करते हुये इसका विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने उसके पुत्र व भाई को बुरी तरह से मारा पीटा तथा पुत्र जितेन्द्र को जबरन कार में डालने लगे। जिसको उसके भाई ने बमुश्किल बचाया। शोर होने पर मौके पर लोगों को आता देख उक्त लोग व सोनू खत्म ने पुत्र जितेन्द्र का मोबाईल तोड़ दिया और धमकी देकर गये कि मौका मिलने पर दोनो को जान से मार देंगें। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गुलदार के हमले...**जान बचाकर रात में अपने घर कंडियाल पहुंची। जैसे ही परिजनों ने उसकी हालत देखी, वो घबरा गए, पूछने पर युवती ने गुलदार द्वारा हमला किए जाने की बात परिजनों को बताई. जिसके बाद परिजन युवती को सीएचसी चौंड-लंबगांव ले गए। युवती की गंभीर हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**खटीमा में भी...**में उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी, कांस्टेबल कमल पाल, कांस्टेबल प्रेमप्रकाश, कांस्टेबल पूरन सिंह आदि शामिल थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# निर्माणाधीन जिला कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण

## ईटों की गुणवत्ता और चुनाई किये जा रहे सीमेंट मसाले को अपने हाथों में लेकर देखा व सैम्पल जांच के लिये भेजने के निर्देश दिये

किच्छा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए प्रथम फेज का कार्य माह जुलाई 2023 पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईट को अपने हाथों से गुणवत्ता को परखा ईट की गुणवत्ता ठीक न लगने पर क्यूब टैस्टिगं मशीन (सीटीएम) से जांच कराया तो ईट की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी। उन्होने ईटों की चुनाई किये जा रहे सीमेंट मसाले को अपने हाथों में लेकर देखा व सैम्पल लेकर लैब से जांच कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। उन्होने सरिया की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुये कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। उन्होने कार्यदायी संस्था के अधिकारियो को निर्देश देते हुये कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि बजट आदि की यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो शीघ्र अवगत करायें ताकि उच्च स्तर पर वार्ता कर शीघ्रता से सामाधान किया जा सकें। जिलाधिकारी ने प्ले ग्राउंड को वॉउंड्री वॉल के अन्दर ही बनाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने गड़रियाबाग पहुंचकर पूर्व में नीलाम हुये पोपलर के पेड़ो के कटान के बाद अन्य बचे हुये वृक्षों को देखा। उन्होने अन्य बचे हुये सभी वृक्षों की रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस अनामिका सिंह, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई भुवन चन्द्र नैनवाल, सहायक अभियन्ता राजेश कुमार आर्या, अपर सहायक अभियन्ता विपिन चन्द्र तिवारी, हेमन्त कुमार, अनिल महर, चिरंजी लाल आदि उपस्थित थे।







## बाबा ने खुद को गोली मारकर दी जान,सुसाइड नोट बरामद

चम्पावत। जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर वारसी गुफा के पास एक बाबा ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने घटनास्थल (गुफा के पास स्नानागृह) से तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से एक बिना हस्ताक्षर के एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया गया है। मृतक बाबा उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। और बाबा यहां से दस किलोमीटर दूर चल्थियां में छोटा सा आश्रम बना रहे थे। एसपी ने बताया कि यद्यपि प्रथमदृष्ट्या मामला डिप्रेशन की वजह से आत्महत्या का लग रहा है, फिर भी पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच करेगी। वारदात से इस ग्रामीण क्षेत्र में सनसनी मच गई। पुलिस ने लोहाघाट में पोस्टमार्टम करा शव आश्रम के संचालक को सौंप दिया है। सुसाइड नोट में स्वामी ने रुद्रेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में समाधि बनाने की अपनी अंतिम इच्छा बताई है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ उतरेहा गहनदो निवासी सौरभ तिवारी उर्फ स्वामी ध्यान योगी पुत्र भंगोली प्रसाद तिवारी ने शुक्रवार अपरान्ह डेढ़ बजे तमंचे से खुद को गोली से उड़ा दिया। पाटी पुलिस को घटना की जानकारी ग्रामीण खीमांनद जोशी ने दी। वारसी गुफा के बाबा वीरेंद्र गिरी का कहना है कि स्वामी ध्यान योगी सात दिन से गुफा में उनके साथ रह रहे थे। स्वामी रोज देर तक मोबाइल से बात करते थे। बातचीत से डिप्रेशन होने और इसी डिप्रेशन से तमंचे से आत्महत्या करने का अंदेशा जताया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव बाबा वीरेंद्र गिरी को सौंप दिया है।

## देश के प्रत्येक राज्यों में हो लोकायुक्त की नियुक्ति: अरोरा

### घोटालेबाजों माफियाओं व भ्रष्टाचारियों की आलीशान कोठियों पर चले बुलडोजर

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश अरोरा ने विभिन्न मुद्दों पर अनौपचारिक बातचीत करते हुए आम जिंदगी बसर कर रहे लोगों की दिनचर्या पर अपने विचार जाहिर किए।



कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी बसर करने के अलावा आम इंसान के पास कोई ऐसा सोशल प्लेटफॉर्म नहीं है जहां वह आपस में एकत्रित होकर वैचारिक आदान-प्रदान कर सके अथवा देश व समाज की ज्वलंत समस्याओं को साझा कर सकें। उन्होंने माना कि मौजूदा सरकार देश को विकास के रास्ते पर ले जाना चाहती है तो भ्रष्टाचार बड़े-बड़े घोटाले बैंकों के साइबर क्राइम बैंकों के घोटाले नौकरियों के घोटाले पेपर लीक जैसे घोटाले सरकार के प्रयासों में ग्रहण लगाने का काम कर रहे हैं। लगभग तीन दशक के करीब से समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश अरोरा ने यह भी कहा कि न्यायालयों में लंबित अनगिनत मामले हो अथवा घोटाले से जुड़ा कोई प्रकरण ऐसे मामलों का समय रहते निस्तारण होना आवश्यक हो चला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आते हैं त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए ताकि कोई अन्य इस तरह की हिमाकत ना कर सके। उन्होंने सरकार द्वारा माफियाओं के खिलाफ उठाए गए कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपराधी तत्वों की संपत्ति जप्त करते हुए उनके बैंक खातों को सीज कर संपत्तियों पर बुलडोजर का चलाना समय की मांग है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि पूर्व में खाद घोटाला चीनी घोटाला स्पेक्ट्रम घोटाला 2ळ घोटाला बोफोर्स घोटाला मालिया बैंक घोटाला नीरव मोदी घोटाला आदि दर्जनों भारी भरकम घोटालों के प्रकरण में प्रकाश में आए दोषियों की संपत्तियों जब करते हुए आलीशान कोठियों पर बुलडोजर की कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच प्रक्रिया पर हम निर्भर रहे तो इस तरह की घोटालेबाज कानून की चुंगल से भविष्य में आजाद हो सकते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 का प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को समय रहते विदेश में जमा काले धन को स्वदेश लाने का काम करना चाहिए ताकि देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो सके। सरकार के समक्ष उन्होंने यह भी सुझाव रखा कि देश के प्रत्येक राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति हो ताकि भ्रष्टाचार पर सुचारू कार्यवाही हो सके। परीक्षाओं में पेपर लीक होने जैसी घटनाओं को उन्होंने शर्मनाक करार दिया। अंत में उन्होंने कहा कि इस तरह के गैरकानूनी कार्यो में संलिप्तता पाए जाने पर दोषी के खिलाफ बुलडोजर की कार्यवाही होनी चाहिए।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित गिरीश कुमार श्रीवास्तव मेमोरियल सामान्य ज्ञान लिखित परीक्षा प्रतियोगिता २022-2023 का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने संस्थापक गिरीशकुमार श्रीवास्तव जी की स्मृति में शहर के 28 विद्यालयों की सामान्य ज्ञान लिखित परीक्षा 2022 2023 का आयोजन 12 वें वर्ष 24 नवम्बर को कराई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्या द्वारा सामान्य ज्ञान विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए नकद एवं मेडल प्रशस्ति पत्र छात्र ठाकुर रुद्रप्रताप कक्षा 8 स्टोनरिज इण्टरनेशनल स्कूल को, द्वितीय पुरुस्कार 1100 रुपए नगद व प्रशस्ति पत्र छात्र क्रिशराज कक्षा-8 विजडम पब्लिक स्कूल को तथा तृतीय पुरस्कार 500 रुपए नगद व प्रशस्ति पत्र सोनम गुप्ता कक्षा 8 मोम्स प्राइड स्कूल को प्रदान किये। कार्यक्रम में राम प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष मान्यता प्राप्त जिला प्रबन्धक, संघ उ0सि० नगर, एड . दिवाकर पाण्डेय , सत्य प्रकाश चौहान, देवाशीष मण्डल, रोशन अरोरा, सुमित राय, संजय कुमार पाल, दिनेश बम आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश पाण्डेय ने सामान्य ज्ञान लिखित परीक्षा 2022 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया और प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। सामान्य ज्ञान लिखित परीक्षा में अन्य स्थान पाने वाले विद्यालय के छात्रों माऊण्ट जी लिट्रेरा, सेंट मेरी सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, जन्म भूमि हाईस्कूल, शील विद्या निकेतन, न्यू वुडलैण्ड एकेडमी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक, विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से सभी अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के सहप्रबन्धक रोशन अरोरा और सचिव श्रीमती सुधा परवाल ने आये हुए सभी अतिथियो का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि पाण्डेय ने हिन्दी में और साक्षी मिश्रा ने अंग्रेजी में संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षक- शिक्षिका और अभिभावकगण उपस्थित थे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले की पुलिस ने 25 हजार के इनामी आरोपी को सुरागगस्ती कर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में




सफलता प्राप्त की है। मुखबिर की सूचना पर वह देहरादून से पुलिस के हत्थे चढ़ा। उस पर भराड़ी में दुकान में घुसकर मोबाइल चोरी करने के अलावा मारपीट का मामला चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।एसपी हिमांशु वर्मा ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी।

## पचास नशेड़ियों की काउंसलिंग एवं एक को भिजवाया नशा मुक्ति केंद्र

### लालडाट में मिले अज्ञात शव की हुई पहचान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन- 2025 के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र नीलेश आनंद भरणे के आदेशों के क्रम में नशा मुक्त उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा जनपद स्तर पर समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले नवयुवको को चिन्हित कर परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग एवं उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार पुलिस द्वारा कुल 50 नशा करने वाले व्यक्तियो को चिन्हित कर उनके आवास स्थलों/नशे के अड्डों मैं जाकर उनके परिजनों के सामने काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही अत्यधिक नशा करने वाले एक नशेड़ी को उनकी परिजनों की सहमति के आधार पर नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया। पूर्व में हुई काउंसलिंग के दौरान नाम पता दर्ज होने के आधार पर लालडांट में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त भी की गई। हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में सेंट्रल टीम द्वारा कुल 31 नशा करने वाले बालिक एवं नाबालिक नवयुवकों को चिन्हित कर कोतवाली के मीटिंग हॉल में उनकी काउंसलिंग करने के साथ-साथ उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा ना करने की शपथ दिलवाई गई। वहीं नंदन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी के दिशा



निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा कालाढूंगी क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले एक को चिन्हित किया गया जिसकी काउंसलिंग कराये जाने के पश्चात परिजनोंकी सहमति से नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया है। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के दिशा निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा कुल 6 नशेड़ियों को चिन्हित कर उनकी काउंसलिंग की गई तथा भविष्य में नशा ना करने की भी हिदायत दी गई। रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में मुखानी थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नशा करने वाले 5 नवयुवकों का चिन्हीकरण किया गया। परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग की गई तथा उन्हें नशीले मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के साथ ही उन्हें कानूनी कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से बताया गया। गत 29 जनवरी को मुखानी लालडांट रोड के पास मिले लावारिस शव की शिनाख्त पूर्व में दिनांक 28 जनवरी अभियान के दौरान थाना मुखानी पुलिस के द्वारा थाने में कराई गई काउंसलिंग के दौरान रजिस्टर में अंकित नाम एवं पते ,तथा खींची गई फोटो के फलस्वरुप मृतक की शिनाख्त कृष्ण चौधरी पुत्र संतनारायण चौधरी निवासी वघई रतनपुर थाना बैरिया जिला बेतिया बिहार हाल निवास लालडांट मुखानी के रूप में की गई। विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष भीमताल द्वारा स्वयं 7 नशा करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उनके परिजनों काउंसलिंग कराई गई नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।